प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक: 01.01.2025 समय : 01:00 पी.एम.

..................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नए साल 2025 के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दीं। नए साल में नागरिकों के शानदार स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना करते हुए प्रधानमंत्री ने उम्मीद जताई कि यह साल सभी के जीवन में नए अवसर, सफलता और अनंत खुशियां लाएगा। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी प्रदेशवासियों को नववर्ष की बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने अपने पत्र संदेश में राजस्थान की पिछले वर्ष की विभिन्न उपलब्धियों का भी जिक्र किया है। मुख्यमंत्री आज नववर्ष के उपलक्ष्य में गोवर्धन परिक्रमा के लिये डीग पंहुचे। उन्होंने पूंछरी का लौठा में पूजा अर्चना की। साल के पहले दिन प्रदेश के विभिन्न मंदिरों में सुबह की आरती में शामिल होने और दर्शन के लिए लोग उमड़ पडे। जैसलमेर के रामदेवरा में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड रहा है। बाबा रामदेव की समाधि स्थल को फूलो से आकर्षक रूप से सजाया गया है। वहीं नववर्ष पर सालासर बालाजी धाम में भी श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। उधर रणथम्भौर स्थित त्रिनेत्र गणेश मंदिर और चौथ माता मंदिर में भी भक्तों की भीड है। राजसमंद के श्रीनाथ जी मंदिर में भी श्रद्धालुओं की लम्बी कतारे देखी जा रही है। राजधानी जयपुर में गणेश मंदिर सहित अन्य प्रमुख मंदिरों में दर्शनार्थियों की भीड उमड रही है।

..................

प्रदेश में आज से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा महीने की शुरूआत हुई। इस वर्ष की थीम **परवाह** रखी गई है। 31 जनवरी तक सड़कसुरक्षा और यातायात नियमो की जागरूकता के लिए विभिन्न आयोजन होंगे। इस अवसर पर बाडमेर और दौसा में आज जागरूकता वाहन रैली का आयोजन किया गया। वहीं डूंगरपुर में लोगों को गुलाब का फूल देकर सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने का संदेश दिया जा रहा है।

..................

राज्य सरकार ने बालोतरा जिले में 22 नये राजस्व गांव सृजित किये है। राजस्व विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार जिले की गिडा तहसील में9, पचपदरा में 10, पाटोदी में 2 और सिणधरी में एक नया गांव बनाया गया है।

..................

**राज्य सरकार ने** आईएएस, आईपीएस, आईएफएस और आईआरएस कैडर के 186 अफसरों को पदोन्नति दी है। कार्मिक विभाग ने इस बारे में आदेश जारी किये है। आईएएस प्रवीण गुप्ता और भास्कर ए सावंत को अतिरिक्त मुख्य सचिव बनाया गया है। वहीं मंजू राजपाल देबाशीष पृष्टि, कुमारपाल गौतम, विश्राम मीणा और टीकम चंद बोहरा को भी पदोन्नत किया गया है। मुख्यमंत्री के संयुक्त सचिव सिद्धार्थ सिहाग को अब विशिष्ट सचिव बनाया गया है। इसी तरह तीन आईपीएस को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक बनाया गया है।

..................

प्रदेश में कई स्थानों पर घने कोहरे और शीतलहर का असर जारी हैं। **सवाईमाधोपुर, चूरू, अजमेर, भरतपुर, नागौर, हनुमानगढ़, झुझुनूं, झालावाड़, सीकर और भीलवाडा में घने कोहरा छाया हुआ है।** कोहरे से दृश्यता काफी कम है। प्रदेश में कुछ स्थानों पर विजिबिलिटी 10 से 50 मीटर के बीच दर्ज की जा रही है। रेल और हवाई यातायात पर भी कोहरे का असर पड रहा है। सीकर में न्यूनतम तापमान आज 4 डिग्री सैल्सियस रहा। वही अजमेर, अलवर, जयपुर, पिलानी, चूरू, फलौदी में भी कडाके की सर्दी है। नीमकाथाना से हमारे संवाददाता ने बताया कि पिछले दिनों हुई मावठ के बाद ठण्ड का असर काफी बढ गया है।

......

मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक कई स्थानो पर शीतलहर जारी रहने की संभावना जताई है।

..................

आकाशवाणी समाचार अपनी विशेष वर्षांत श्रृंखला में वर्ष 2024 की झलकियाँ प्रस्तुत कर रहा है। इसमें आज हम नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की प्रमुख पहलों और उपलब्धियों पर नज़र डालेंगे। सरकार ने 2024 में भारत के ऊर्जा परिदृश्य को बदलने की दिशा में अपनी उल्लेखनीय यात्रा जारी रखी है। यह प्रगति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से निर्धारित पंचामृत लक्ष्यों के अनुरूप 500 गीगा वाट गैर–जीवाश्म ईंधन ऊर्जा प्राप्त करने की भारत की प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

..................

केंद्र सरकार ने देश के युवाओं को सशक्त बनाने के लिए नवाचार, कौशल विकास, उद्यमिता और तकनीकी विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई योजनाओं और कार्यक्रमों का शुभारंभ किया है। पिछले दस वर्षों में, नरेन्द्र मोदी सरकार भारत के युवाओं के लिए अवसरों की नई लहर लायी है।

..................